हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार 25 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री से.
न्यूनतम 27.0 डिग्री से.

10 सिविल सर्जन कार्यालय का करवाया जा रहा विस्तार



10 खेलकूद प्रतियोगिता में छाए सीआर गतौली के...



## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से टहल रहे व्यक्ति की मौत

**जींद।** गांव बिघाना-बाहरी रोड पर बाइक की टक्कर से टहलने निकले व्यक्ति की मौत हो गई। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फरार बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बिघाना निवासी सुनील दत्त (34) बीती देर शाम को खाना खाकर टहलने के लिए बाहरी रोड़ पर निकला था। गांव के निकट ही तेजरफतार बाइक ने पीछे से सुनील दत को टक्कर मार दी। जिसमें सुनील दत्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर बाइक चालक मौके से फरार हो गया।

### बाइक रेहड़ी गली में खड़ा करने के विवाद में दो घायल

**जींद।** गांव कुचराना खुर्द गली में बाइक रेहड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद में बाप व बेटा घायल हो गए। अलेवा थाना पुलिस ने घायलों की शिकायत पर नौ लोगों को नामजद कर दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव कुचराना खुर्द निवासी विरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पड़ोसी राममेहर ने गली में बाइक रेहड़ी खड़ी की हुई थी। जिसको लेकर उसके भतीजे संजू की राममेहर से कहासुनी हो गई। उस दौरान तो मामला शांत हो गया।

### युवक ने हमला कर बाप बेटे को किया घायल

**जींद।** हनुमान नगर में कहासुनी के चलते एक युवक ने बाप व बेटे पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हनुमान नगर निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता मंगल के साथ मोहल्ले के ही आकाश की कहासुनी हो गई। जिस पर आकाश ने उसके पिता पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। जब वह बचाव करने पहुंचा तो आरोपित ने उस पर भी हमला कर दिया।

### रंजिशन हमला करने पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव संडील में रंजिशन हमला कर घायल करने पर अलेवा थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव संडील निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी राजमल परिवार से कहासुनी हो गई। जिस पर राजमल परिवार ने उस हमला कर दिया। जिसमें काफी चोटें आई। अलेवा पुलिस ने कुलदीप की शिकायत पर भतेरी, सुनील तथा संतोष के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव बड़ौदा से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर उचाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव बडौदा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 16 जुलाई को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसका कोई सुराग नही लगा। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### कैथलः हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** युवक की मौत के मामले में दर्ज हत्या के मुकदमे में कार्रवाई करते हुए चौकी अनाज मंडी पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुमाना देवी निवासी रामनगर, कैथल की शिकायत अनुसार, 15 जून की शाम करीब 5:30 बजे उसका पुत्र काला किसी व्यक्ति का मोबाइल नंबर लेने के लिए आरोपी सन्नी उर्फ गोरिला के घर गया था। आरोप है कि इसी बात को लेकर आरोपी सन्नी उर्फ गोरिला तथा उसकी पत्नी ने उसके साथ मारपीट की। शिकायत अनुसार दोनों ने काला के पेट पर लातों और डंडों से वार किए, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं।

## छात्र, किसान, मजदूर और जन संगठनों ने निकाला रोष मार्च, केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी

# युवाओं पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन

### प्रतियोगी परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पेपर लीक और परीक्षा धांधलियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्र, युवाओं पर कथित पुलिस दमन के विरोध में जींद में विभिन्न विपक्षी राजनीतिक दलों, छात्र संगठनों, किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी, वकील और सामाजिक एवं जन संगठनों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। सभी संगठनों के प्रतिनिधि और जागरूक नागरिक अंबेडकर चौक रानी तालाब पर एकत्रित हुए और नीट पेपर लीक के कारण कथित रूप से आत्महत्या करने वाले छात्रों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने शहर में रोष मार्च निकालते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और छात्र व युवाओं के साथ कथित पुलिस कार्रवाई की कड़ी निंदा की। रोष मार्च के आयोजक सुधीर शास्त्री, रामफल दहिया और सुनील कंडेला ने कहा कि छात्रों के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर देशभर में आवाज उठाई जा रही है लेकिन सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने के बजाय आंदोलन को दबाने का प्रयास कर रही है। पेपर लीक और परीक्षा में धांधली के कारण लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। विद्यार्थी वर्षों तक मेहनत करके प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। परीक्षा के लिए आर्थिक संसाधन और समय खर्च करने के बाद जब पेपर लीक या अन्य अनियमितताओं के कारण परीक्षा रद्द होती है तो विद्यार्थियों और उनके परिवारों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानी से गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि छात्रों की मांगों को सुनने और समस्याओं का समाधान करने के बजाय यदि उनके लोकतांत्रिक आंदोलन पर पुलिसबल का प्रयोग किया जाता है तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। आयोजकों ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने अपने पार्टीगत, जातिगत और धार्मिक मतभेदों से ऊपर उठ कर छात्रों के समर्थन में एकजुटता दिखाई है। उन्होंने भविष्य में भी छात्र, युवाओं पर होने वाले कथित दमन और परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर संयुक्त अभियान जारी रखने का निर्णय लिया। इस दौरान युवा अंकित सिहाग, अक्षय, मोहित लाठर, विनोद धड़ौली, सीआरएसयू की छात्रा अर्चना, ज्योति सहित विभिन्न छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि बार-बार पेपर लीक होने और परीक्षाओं में कथित धांधलियों के कारण छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है।



**जींद।** रोष प्रदर्शन में शामिल विपक्षी दलों और जन संगठनों से जुड़े लोग।

#### मांगों पर गंभीरता से विचार करें

कहा कि लगातार परीक्षा विवादों के कारण कई छात्र मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं और कुछ युवा आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और प्रतियोगी परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। कांग्रेस जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि छात्रों के आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई से जुड़े सामने आए वीडियो गंभीर सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों के इस आंदोलन के साथ है और सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

### जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज की माजरा खाप ने की कड़ी निंदा

- आज महम चौबीसी के चबूतरे पर सर्वजातीय खाप पंचायत की बैठक

**जींद।** जंतर-मंतर पर विद्यार्थियों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा कथित तौर पर लाठीचार्ज किए जाने की माजरा खाप पंचायत जींद ने कड़ी निंदा की है। खाप के प्रधान गुरविंदर सिंधु और महासचिव महेंद्र सिंह सहारण ने कहा कि विद्यार्थियों के साथ व्यवहार लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को विद्यार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका समाधान करना चाहिए। खाप पदाधिकारियों ने कहा कि अभिभावक बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत करते हैं और कई बार कर्ज तक लेते हैं। ऐसे में यदि पढ़ाई पूरी करने के बाद भी युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिलते तो यह गंभीर चिंता का विषय है। कहा कि शिक्षा का उद्देश्य युवाओं को बेहतर भविष्य और रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना होना चाहिए। माजरा खाप के प्रवक्ता समुंद्र सिंह फोर ने बताया कि 25 जुलाई को महम चौबीसी खाप पंचायत के चबूतरे पर सर्वजातीय खाप पंचायत की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न खाप पंचायतों के प्रधानों के साथ जातियों के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, गायक कलाकारों और कवियों को भी आमंत्रित किया गया है। बताया कि बैठक में समाज में बढ़ रही कथित अश्लीलता और नग्नता पर रोक लगाने सहित विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।


**कैथल।** दिल्ली में लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन करते युवा और युवतियां।

### कैथलः दिल्ली में लाठीचार्ज के खिलाफ सैकड़ों युवाओं का प्रदर्शन, नारेबाजी

#### शिक्षा मंत्री को तुरंत हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

दिल्ली में विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को कैथल में सैकड़ों युवाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) सहित कई सामाजिक एवं छात्र संगठनों ने भाग लिया। बड़ी संख्या में छात्राएं भी प्रदर्शन में शामिल हुईं। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल पद से हटाने की मांग की। साथ ही युवाओं पर लाठीचार्ज करने वाले अधिकारियों व पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा पूरे मामले की उच्च स्तरीय एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई। प्रदर्शन से पहले हनुमान वाटिका में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें भाकियू नेता राजीव आर्य, केसा राम प्योदा, श्वेता ढुल, तेजी ढांडा, होशियार गिल, महावीर चहल नरड सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों और छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में युवाओं को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है और शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन पर लाठियां बरसाना सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। बैठक के बाद सैकड़ों की संख्या में युवा हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर हनुमान वाटिका से लघु सचिवालय तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। छात्राओं की उल्लेखनीय भागीदारी प्रदर्शन का प्रमुख आकर्षण रही।

#### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लघु सचिवालय पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि दिल्ली में युवाओं पर हुए लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच किसी उच्च स्तरीय स्वतंत्र एजेंसी से करवाई जाए। इसके अलावा लाठीचार्ज के आदेश देने वाले तथा इसमें शामिल अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर इस प्रकार की कार्रवाई दोबारा न हो।

प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल पद से हटाने की भी मांग करते हुए कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि युवाओं और छात्रों के सम्मान तथा अधिकारों की रक्षा के लिए प्रदेशभर में जनआंदोलन चलाया जाएगा।



**कैथल।** दिल्ली में लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन करते। फोटो :हरिभूमि


**जींद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते इनेलो कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज और छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार पर इनेलो का रोष प्रदर्शन

**जींद।** इनेलो कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को दिल्ली जंतर-मंतर पर धरना दे रहे छात्रों पर लाठी चार्ज व छात्राओं के साथ दुव्यवहार के विरोध में प्रदर्शन किया और लघु सचिवालय पहुंच कर मांगों को लेकर ज्ञापन सीटीएम को सौंपा। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा जिला अध्यक्ष राजेश बूरा एवं आइसो जिला अध्यक्ष सौरभ गुरुसर द्वारा संयुक्त रूप से की गई। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इनेलो जिलाध्यक्ष बिजेंद्र रेढू ने कहा कि आज देश की सरकार का ऐसा रवैया देखने को मिल रहा है, जैसे यह सरकार देश की न होकर के केवल मात्र भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। 20 जून से जंतर-मंतर पर विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे धरना और प्रदर्शन में विद्यार्थियों की आवाज सुनने की बजाय उनको बर्बरता पूर्वक डंडों से पिटवाने का काम किया जा रहा है। कहा कि हिंदुस्तान विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। फिर इसमें संविधान द्वारा दी शक्तियों का प्रयोग करने के बजाय छात्रों को लाठी व डंडे क्यों मिलते हैं। छात्रों की केवल मात्र एक ही मांग थी कि बार-बार परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं, जिसकी तैयारी के लिए बच्चे दिन-रात मेहनत करते हैं। बहुत पैसा खराब करते हैं। शारीरिक, मानसिक और धन सभी लगा कर बच्चे पेपर देते हैं और फिर जब पेपर रद्द हो जाता है तो उन बच्चों को बहुत बड़ी मानसिक पीड़ा होती है।

### छात्रों के समर्थन में इनेलो का रोष मार्च

**कैथल।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे देश के छात्रों के समर्थन में इंडियन नेशनल लोकदल पूरी तरह से मैदान में उतर आई है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर इनेलो की ओर से रोष मार्च निकाला गया। प्रदर्शन स्थानीय जवाहर पार्क से शुरू होकर पिहोवा चौक तक पहुंचा। इस रोष मार्च का नेतृत्व इनेलो के जिला अध्यक्ष अनिल तंवर क्योड़क ने किया। प्रदर्शन के दौरान इनेलो कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में भारी जोश दिखाई दिया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और शिक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शनकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि मौजूदा सरकार युवाओं और छात्रों की आवाज को दबाने का काम कर रही है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पिहोवा चौक पर पहुंचे प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए इनेलो जिलाध्यक्ष अनिल तंवर क्योड़क ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कड़े शब्दों में मांग की कि मौजूदा हालात और छात्रों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता न दिखाने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत हटाया जाए। अनिल ने कहा कि जंतर-मंतर पर बैठे छात्र देश का भविष्य हैं और उनकी मांगें पूरी तरह से जायज हैं। सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते कहा, आज देश का अन्नदाता सड़क पर है और कल का भविष्य कहे जाने वाले छात्र मांगों के लिए भटकने को मजबूर हैं।

### साइबर ठगी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** एक फर्जी दवा कंपनी बनाकर एक कारोबारी से 82 हजार रुपये के मामले की जांच थाना साइबर थाना प्रभारी पीएसआई रवि की अगुवाई में एएसआई जसबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी सनसिटी अपार्टमेंट बसंत बाग बद्दी हिमाचल प्रदेश निवासी अजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की करनाल रोड स्थित सतगुरु मार्केट निवासी हंसराज वर्मा की शिकायत अनुसार वह अपने भतीजे कृष्ण वर्मा की केबी एंटरप्राइज नामक दवा थोक फर्म में लीगल कंसल्टेंट के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि उनकी फर्म के लिए अक्सर ऑनलाइन दवाइयों की खरीद की जाती है। 27 दिसंबर 2025 को उनके मोबाइल पर एक महिला का फोन आया जिसने अपना नाम सेजल वर्मा उर्फ तनीषा बताया था।

## विधायक ने कुलवंत बाजीगर पर लगाए पंचायती जमीन को कब्जाने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गुहला से कांग्रेस विधायक देवेंद्र हंस ने गांव भूना की पंचायती भूमि को धोखाधड़ी से पट्टे पर लेने को लेकर भाजपा के पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कैथल स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में झुनझूना लेकर पहुंचे विधायक देवेंद्र हंस ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। देवेंद्र हंस ने ग्रामीणों की ओर से दी गई शिकायत और संबंधित दस्तावेज मीडिया के सामने प्रस्तुत करते हुए आरोप लगाया कि गांव भूना की लगभग 10 किले 5 कनाल पंचायती भूमि का पट्टा पूर्व विधायक कुलवंत राम बाजीगर की माता के नाम नियमों के विपरीत किया गया। उनका दावा है कि संबंधित महिला गांव भूना की स्थायी निवासी नहीं हैं और उनका नाम अब भी गांव कल्लर माजरा की मतदाता सूची में दर्ज है। उन्होंने आरोप लगाया कि पट्टा प्राप्त करने के उद्देश्य से आधार कार्ड में पता बदलवाया गया तथा पात्रता और प्रक्रिया की अनदेखी की गई। विधायक ने कहा कि पंचायती भूमि पूरे गांव की सांझा संपत्ति है और उसका आवंटन केवल निर्धारित नियमों, पात्रता और खुली बोली के आधार पर होना चाहिए।

#### आरोप बेबुनियाद व तथ्यहीनः बाजीगर

उधर पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने विधायक देवेंद्र हंस के सभी आरोपों पर बेबुनियाद व तथ्यहीन बताया है। उन्होंने कहा कि बिना सही जानकारी के देवेंद्र हंस ने प्रेसवार्ता तो बुला दी लेकिन उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। ये लोग मुझ से राजनीतिक द्वेष रखते हैं। इन्होंने पूर्व में भी मुझ पर कई बार आरोप लगाए लेकिन आज तक इनके आरोपों में कोई सच्चाई नहीं मिली।

## जींद : पानीपत ट्रैक पर प्रस्तावित हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रॉयल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शुक्रवार को पानीपत ट्रैक पर प्रस्तावित हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल स्थगित कर दिया गया। रेलवे ने किन्हीं परिचालन एवं तकनीकी कारणों से अंतिम समय में ट्रायल नहीं लेने का फैसला किया। शुक्रवार दोपहर हाइड्रोजन ट्रेन को नियमित रखरखाव और तकनीकी निरीक्षण के लिए शकूरबस्ती रेलवे कार्यशाला भेज दिया गया है। वहां ट्रेन के विभिन्न तकनीकी सिस्टम, हाइड्रोजन उपकरणों और अन्य आवश्यक हिस्सों की जांच की जाएगीए ताकि आगामी ट्रायल पूरी तरह सुरक्षित और सुचारु रूप से हो सके। बताया गया है कि रखरखाव कार्य पूरा होने के बाद शनिवार को ट्रेन दोबारा जींद पहुंचेगी और सोनीपत रूट पर यात्रियों के साथ आवागमन करेगी। हालांकि ट्रायल के दौरान रेलवे की तकनीकी टीम ट्रेन के प्रदर्शन, सुरक्षा मानकों और संचालन व्यवस्था को लेकर परीक्षण किया जाना है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाए जाने के बाद से रेलवे इस ट्रेन को सोनीपत रूट पर चला रहा है। अब शुक्रवार को इस ट्रेन का पानीपत के अलावा रोहतक होते हुए सब्जी मंडी से सोनीपत के रास्ते लिया था जाना था।

### अवैध रूप से पटाखे बनाने वाला दबोचा

**कैथल।** अपराध शाखा-1 कैथल ने कार्रवाई करते अवैध रूप से विस्फोटक पदार्थ से पटाखे तैयार करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में पटाखे बरामद किए गए हैं। मामले में थाना पुंडरी में विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत की अगुवाई में एएसआई कमलजीत सिंह की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रदीप निवासी सैणी मोहल्ला, पुंडरी पशु बाड़े में बिना किसी वैध लाइसेंस या परमिट के विस्फोटक पदार्थ से पटाखे तैयार करने का अवैध कार्य कर रहा है। सूचना में यह भी बताया गया कि उक्त स्थान के आसपास घनी आबादी होने के कारण आमजन की जान-माल को खतरा बना है।

## बरसात के कारण मौसम में हलकी ठंडक का अहसास, गर्मी से दिलाई राहत

# सुबह छाए घने काले बादल, दोपहर बाद बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में शुक्रवार को आसमान में काले बादल छाए और दोपहर बाद कई क्षेत्रों में हलकी बूंदाबांदी हुई। जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी राहत मिली। वहीं अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को अधिकत तापमान 32 डिग्री रहा जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया। मौसम विशेषज्ञ डा. राजेश के अनुसार अगले एक-दो दिनों तक जिले में बादल छाए रहने, हलकी से मध्यम बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। बारिश की संभावना के चलते आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आने तथा गर्मी से और अधिक राहत मिलने की उम्मीद है। आसमान में सुबह से बादलों की आवाजाही के कारण तेज धूप नहीं निकली। बीच-बीच में हल्की हवाएं चलने से वातावरण में ठंडक बनी रही। दिनभर चली पूर्वाई हवा ने मौसम को सुहावना बनाए रखा और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। दोपहर बाद बूंदाबांदी शुरू होने पर सड़कों पर निकलने वाले लोगों ने राहत महसूस की। तापमान में आई गिरावट और बादलों की मौजूदगी के कारण दिनभर मौसम अपेक्षाकृत ठंडा बना रहा। गर्मी से राहत मिलने के कारण लोग शाम के समय घरों से बाहर निकले और पार्कों व खुले स्थानों पर टहलते दिखाई दिए।



**जींद।** बारिश के बीच जाते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

#### फिलहाल बारिश की खास जरूरत

हालांकि बारिश अधिक देर तक नहीं हुईए लेकिन हल्की बूंदाबांदी ने वातावरण को ताजा कर दिया। इस समय होने वाली हल्की बारिश खरीफ फसलों, विशेषकर धान, मूंग, ग्वार, बाजरा और चारे की फसलों के लिए लाभदायक मानी जाती है। खरीफ की फसलों को फिलहाल बारिश की खास जरूरत है। पिछले कई दिनों से किसान बारिश होने की बाट जोह रहे हैं। बारिश न होने से धान की रोपाई का कार्य भी धीमा हो गया है। यदि बारिश होती है तो धान की रोपाई का कार्य में तेजी आएगी और पखवाड़े में पूरा हो जाएगा।

## प्राध्यापक पर हमला करने के दो आरोपित गिरफ्तार

- व्हाट्सअप कॉल कर दी थी बुरा अंजाम भुगतने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

थाना शहर नरवाना पुलिस ने शिक्षक पर जानलेवा हमला करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। थाना शहर नरवाना के प्रभारी निरीक्षक पूर्णदास ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि हाउसिंग बोर्ड निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकातय में कहा था कि वह डीएवी सेंचरी पब्लिक स्कूल नरवाना में लेक्चरर के पद पर कार्यरत है। गत 21 जुलाई को स्कूल के ही 12 वीं कक्षा के छात्र गांव हथो निवासी आशीष ने उसके फोन पर व्हाट्सअप कॉल कर जान से मारने की धमकी दी थी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह अपने घर जा रहा था। रास्ते में आशीष तथा उसके दोस्तों ने पीछे से चाकू से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर आरोपित अपने साथियों के साथ फरार हो गया। राहगीरों ने उसे नरवाना नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालात को देखते हायर इंस्टीच्यूट रेफर कर दिया था।

**खबर संक्षेप**

### स्कूल समेत दो स्थानों पर टूटे ताले, बर्तन-सामान चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने सरकारी स्कूल समेत दो स्थानों पर ताले तोड़ कर बर्तन व अन्य सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव कालवा सरकारी स्कूल की मुखिया नीलम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर दो बड़े पतीले, दो ढक्कन चोरी कर लिए। वहीं गांव मैगलपुर निवासी सत्यवान ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने खेत में बने कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर बैटरी, सिलेंडर तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### एडमिशन के लिए 26 जुलाई तक खुला पोर्टल

**नरवाना।** राजकीय महाविद्यालय नरवाना सह प्राध्यापक रसायन शास्त्र जयपाल सिंह आर्य ने बताया कि सत्र 2026-27 में एमएससी केमिस्ट्री प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग का पोर्टल खुला हुआ है। नरवाना एवं आसपास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। बीएससी मेडिकल नॉन मेडिकल के छात्र-छात्राएं इसके लिए पात्र हैं। 26 जुलाई तक पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है।

### आईवाईएफ ने काउंसलिंग में लगाया हेल्प डेस्क

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में आयोजित ओपन काउंसलिंग के दौरान छात्र संगठन इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट की ओर से विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विवि परिसर में हेल्प डेस्क लगाया गया। हेल्प डेस्क का संचालन संगठन के संस्थापक अध्यक्ष एवं छात्र नेता अमित आदिवाल के नेतृत्व में किया गया। ओपन काउंसलिंग में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी और उनके अभिभावक विवि परिसर में पहुंचे। हेल्प डेस्क के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

### डेंगू रोधी माह के तहत छात्रों को किया जागरूक

**जींद।** डेंगू रोधी माह के अवसर पर उप स्वास्थ्य केंद्र बरसोला के स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा राजकीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को डेंगू सहित अन्य मच्छरजनित बीमारियों के प्रति जागरूक करना तथा इनके बचाव और रोकथाम के प्रभावी उपायों की जानकारी देना था। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के एमपीएचडब्ल्यू जयवीर नेहरा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को डेंगू से बचाव के बारे में जानकारी दी। हर व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह अपने घर, विद्यालय और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखे।

### वेबसाइट लांच, लाभार्थी जल्द करें पंजीकरण

**जींद।** जिला सैनिक बोर्ड के सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर सुजाता ने बताया कि हरियाणा सरकार के सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग द्वारा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट लॉच कर दी गई है। पोर्टल सैनिकों, पूर्व सैनिकों अर्धसैनिक बलों के जवानों, युद्ध विधवाओं तथा उनके आश्रितों को विभागीय सेवाएं एवं योजनाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बताया कि वर्तमान में जो भी पूर्व सैनिक, अथवा अन्य पात्र लाभार्थी सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग से योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं, वे सभी की वेबसाइट पर स्वयं पंजीकरण अवश्य करें।

### जींद: कारगर साबित हो रही मातृशक्ति उद्यमिता योजना

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की गई है। जिसके तहत बैंकों के माध्यम से पांच लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के माध्यम से महिलाएं स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रही है बल्कि परिवार और समाज की प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

---

सीएमओ कार्यालय के सामने कैबिन को किया बड़ा

# जींद: सिविल सर्जन कार्यालय का करवाया जा रहा विस्तार

## नौकरी के लिए मेडिकल करवाने आने वाले युवाओं को नहीं होगी परेशानी

भीड़ के कारण अस्पताल प्रशासन के साथ युवाओं को भी होती थी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



जींद। सीएमओ कार्यालय के सामने करवाया जा रहा कैबिन विस्तार। फोटो :हरिभूमि

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में बने सिविल सर्जन कार्यालय का विस्तार करवाया जा रहा है। पहले यहां छोटे-छोटे केबिन थे। अब उनको बड़ा किया जा रहा है। ऐसे नौकरी के लिए मेडिकल करवाने आने वाले युवाओं तथा अन्य कार्यों के लिए आने वाले लोगों को कुछ राहत मिलेगी। कई बार काफी संख्या में युवा यहां मेडिकल के लिए आते हैं तो उनको भीड़ के कारण परेशानी होती है। अब यहां कैबिन का विस्तार होने के चलते अफरा-तफरी नही रहेगी और उनको बार-बार इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। गौरतलब है कि नौकरी मिलने पर युवाओं को मेडिकल फिटनेस का प्रमाण पत्र अस्पताल से लेना पड़ता है। इसके अलावा बहुत से अन्य मेडिकल भी युवाओं को करवाने पड़ते हैं। यह सभी कार्य सिविल सर्जन कार्यालय में होते हैं। एकदम ज्यादा लोगों के आने के कारण यहां पर भीड़ हो जाती है। भीड़ के कारण अस्पताल प्रशासन के साथ-साथ मेडिकल करवाने आने वाले युवाओं को भी परेशानी होती है। क्योंकि यहां पर कई बार लंबी लाइन लग जाती है। जिससे आने-जाने के अलावा कर्मियों के कार्य में भी बाधा आती है। अब स्वास्थ्य विभाग ने सिविल सर्जन कार्यालय का विस्तार करने की शुरुआत की है। यहां पर अलग-अलग कैबिन बनाए जा रहे हैं। सिविल सर्जन कार्यालय में भी इन युवाओं के लिए अलग से कैबिन बनाया जा रहा है ताकि उनको परेशानी से बचाया जा सके। अब मेडिकल के लिए युवाओं को इधर-उधर भटकना पड़ता। इसके बाद उनके सभी कार्य एक ही जगह पर पूरे हो जाएंगे। उनके केवल टेस्ट के लिए लैब व एक्सरे विभाग में जाना पड़ेगा। यहां पर सिविल सर्जन भी समय के अनुसार मौजूद होंगी और युवाओं को बुला कर उनके फिटनेस प्रमाण पत्र पूरे किए जाएंगे। इससे युवाओं को अपना काम करवाने में भी आसानी रहेगी।

**समस्या दूर हो जाएगी**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि सीएमओ कार्याल का विस्तार हो रहा है। जो पहले यहां कैबिन बने थे, उन्हें लंबा किया गया है ताकि बैठने तथा फाइलें व अन्य जरूरी दस्तावेज रखने के लिए स्पेस मिल सके। वहीं कई बार मेडिकल करवाने को लेकर भी यहां अफरा-तफरी भरा माहौल रहता है और कर्मियों को परेशानी होती है। यह समस्या भी दूर हो जाएगी।

---

### एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने वीसी को सौंपा मांगपत्र



**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जींद विवि इकाई ने चौधरी रणबीर सिंह विवि के कुलपति को ज्ञापन सौंप कर स्नातकोत्तर (पीजी) प्रवेश प्रक्रिया में विद्यार्थियों के हित में विभिन्न मांगें उठाईं। परिषद ने पीजी पाठ्यक्रमों में द्वितीय काउंसलिंग आयोजित करने, प्रवेश पोर्टल पुनः खोलने तथा रीअपीयर एवं री इवैल्यूएशन के परिणाम लंबित विद्यार्थियों को प्रोविजनल प्रवेश देने की मांग की। इकाई के अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने कहा कि वर्तमान में बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी हैं जो विभिन्न कारणों के चलते प्रथम काउंसलिंग में प्रवेश नहीं ले पाए हैं। इसके अलावा अनेक विद्यार्थियों के स्नातक अंतिम वर्ष के परिणाम रीअपीयर अथवा री.इवैल्यूएशन के कारण लंबित हैं। छात्रों ने प्रवेश के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर दी हैं लेकिन परिणाम घोषित नहीं होने के कारण वे पीजी प्रवेश से वंचित होने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो हजारों विद्यार्थियों का एक पूरा शैक्षणिक वर्ष प्रभावित हो सकता है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने कहा कि अन्य विश्वविद्यालयों जैसे कुरुक्षेत्र विवि तथा चौधरी बंसीलाल विवि, भिवानी द्वारा छात्रों के हित में रीअपीयर विद्यार्थियों को प्रोविजनल प्रवेश की सुविधा प्रदान की गई है।

---



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम सत्यवान मान। फोटो :हरिभूमि

## 31 जुलाई से 30 अगस्त तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी

- विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत दावे एवं आपत्तियां चरण के संचालन के लिए बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

निर्वाचक पंजीयन अधिकारी 36 जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं उप मंडल अधिकारी जींद सत्यवान सिंह मान की अध्यक्षता मे शुक्रवार को एडीसी कान्फ्रेंस हॉल में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां, नोटिस चरण के सफल संचालन हेतु बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां, नोटिस चरण के सफल संचालन, सुनवाई एवं समयबद्ध निस्तारण के संबंध में विस्तृत चर्चा की व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों को अवगत कराया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई से 30 अगस्त तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। जबकि 31 जुलाई से 28 सितम्बर तक नोटिस जारी करने, सुनवाई एवं दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।

**समयबद्ध निस्तारण**

सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक दावा एवं आपत्ति का आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा केवल उन्हीं मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे, जिनके द्वारा गणना प्रपत्र में स्वयं अथवा उनके माता-पिता, दादा-दादी, अन्य संबंधित रिश्तेदारों के वर्ष 2002 की निर्वाचक नामावली का विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसके अतिरिक्त जिन मामलों में गणना प्रपत्र में उपलब्ध कराई गई जानकारी में किसी प्रकार की विसंगति पाई जाती है जैसे नाम, आयु, जन्म तिथि, जन्म स्थान, पारिवारिक संबंधों का विवरण, निर्वाचक नामावली के विवरण में अंतर, अपूर्ण अथवा परस्पर विरोधी जानकारी अथवा आयोग द्वारा चिन्हित अन्य प्रकार की असंगतिए ऐसे मामलों में भी संबंधित मतदाता को नोटिस जारी किया जाएगा। बताया कि आयोग द्वारा जारी सूचना शीट के अनुसार यदि किसी मतदाता का जन्म भारत में एक जुलाई 1987 से पूर्व हुआ है तो उसे अपनी जन्म तिथि एवं अथवा जन्म स्थान प्रमाणित करने हेतु स्वीकार्य सूची में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

---

# जुलाना: 26 जुलाई को मनाया जाएगा कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जुलाना

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर 26 जुलाई को जुलाना में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जींद-रोहतक मार्ग स्थित दावत हवेली होटल में होने वाले इस कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा उनकी वीरता और बलिदान को याद किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न जिलों से शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक नरेंद्र लाठर ने बताया कि कारगिल विजय दिवस केवल एक आयोजन नही बल्कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी और क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ होगी। इसके बाद स्कूली छात्र व छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्यए कविता और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

**वीरांगनाओं का होगा सम्मान**

जिनके माध्यम से युवाओं में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना जागृत करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की वीरांगनाओं का सम्मान होगा। उन्हें स्मृति चिन्ह और सम्मान पत्र देकर उनके परिवारों के अद्वितीय योगदान को नमन किया जाएगा। वीरांगनाओं का सम्मान समाज के लिए प्रेरणा का संदेश है और नई पीढ़ी को देश सेवा के लिए प्रेरित करने का माध्यम भी है।

---

# त्योहारों का महत्व व उनसे जुड़ी परंपरा बताई

## इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में रेनी सीजन सेलीब्रेशन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में रेनी सीजन सेलीब्रेशन बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व वर्षा ऋतु की विशेषताओं तथा सावन माह में आने-वाले विभिन्न त्योहारों के महत्व से अवगत करवाना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए अनेक रोचक एवं शिक्षाप्रद गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने वर्षा ऋतु से संबंधित गीतों पर डांस तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लिया। रंग-बिरंगी सजावट और उत्साहपूर्ण वातावरण ने शोभा को और भी बढ़ा दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को रक्षाबंधन, हरियाली तीज और स्वतंत्रता दिवस आदि सावन और वर्षा ऋतु में आने वाले प्रमुख त्योहारों के महत्व व उनसे जुड़ी परंपरा की जानकारी दी गई।

**उत्सव का आनंद लिया**

साथ ही साथ इन त्योहारों से संबंधित विभिन्न गतिविधियां भी कराई गई। जिनमें बच्चों ने पूरे उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया। मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करने हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को हमारी संस्कृति परंपरा एवं भारतीय त्योहारों से जोड़ने का एक सुंदर माध्यम है, साथ ही विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सामाजिक मूल्यों का विकास करते हैं। सभी विद्यार्थियों ने वर्षा ऋतु के इस विशेष उत्सव का भरपूर आनंद लिया।

---

# हर सप्ताह सूखा दिवस मनाने का आह्वान

- विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग ने चलाया डेंगू जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद




जींद। कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे डेंगू रोधी माह के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत जुलानी गांव स्थित राजकीय विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यापक डेंगू जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डेंगू सहित अन्य मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों तक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के एमपीएचडब्ल्यू पवन श्योकंद ने विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि डेंगू एक गंभीर बीमारी है लेकिन सावधानी और जागरूकता के माध्यम से इससे काफी हद तक बचाव किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि डेंगू फैलाने वाला एडीज एजिप्टी मच्छर मुख्य रूप से साफ एवं रुके हुए पानी में पनपता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्र में पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि प्रत्येक सप्ताह सूखा दिवस जरूर मनाएं। इस दौरान कूलर, पानी की टंकी, फ्रिज की ट्रे, फूलदान, गमले, पुराने टायर, बाल्टियों और अन्य पानी जमा करने वाले पात्रों को खाली कर अच्छी तरह साफ एवं सूखा रखना चाहिए। इससे मच्छरों के प्रजनन पर प्रभावी रूप से रोक लगाई जा सकती है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को डेंगू के प्रमुख लक्षणों के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी कक्षों के दरवाजों पर मच्छरजनित बीमारियों से बचाव संबंधी जागरूकता पंपलेट भी लगाए गए। इन पंपलेटों में डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया से बचाव के सरल उपाय, स्वच्छता का महत्व और मच्छरों की रोकथाम संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई।

---

# 400 मीटर दौड़ में नेहा ने जीता गोल्ड

## रा. कन्या स्कूल नरवाना की छात्राओं ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरवाना

स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में राजकीय कवमावि नरवाना की छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा, कड़ी मेहनत और क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार जीत हासिल की है। अंडर-14 और अंडर-17 दोनों आयु वर्गों में विद्यालय की छात्राओं ने शीर्ष स्थान प्राप्त कर पूरे विद्यालय और नरवाना क्षेत्र का नाम रोशन किया। छात्राओं के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई देते हुए नोडल अधिकारी एवं शारीरिक शिक्षा शिक्षक अनिल ढिल्लों ने कहा मैदान में हमारी बेटियों ने जिस एकाग्रता और ऊर्जा के साथ प्रदर्शन किया है, वह बेहद सराहनीय है। कुश्ती, खो-खो, एथलेटिक्स और बैडमिंटन जैसे विभिन्न खेलों में एक साथ पदक जीतना यह दर्शाता है कि हमारे विद्यालय में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यह जीत छात्राओं के अनुशासन और नियमित अभ्यास का परिणाम है। मुझे पूरा विश्वास है कि ये बेटियां आगामी जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी अपनी जीत का परचम लहराएंगी। प्रतियोगिता और विद्यालय की सफलता पर चर्चा करते हुए मीडिया समन्वयक अनिल शर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूलों की बेटियों का खेलों में आगे आना और शीर्ष स्थान हासिल करना पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है।

**विजेताओं को किया सम्मानित**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नरवाना की छात्राओं ने अपनी मेहनत से यह साबित कर दिखाया है कि सही मार्गदर्शन मिले तो बेटियां हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर सकती हैं। इन प्रतिभावान खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सबके सामने लाना हमारे लिए गर्व की बात है ताकि अन्य छात्राओं को भी खेलों से जुड़ने की प्रेरणा मिले। छात्राओं की इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय की प्राचार्या मीनाक्षी एवं स्टाफ ने सभी विजेताओं और खेल प्रभारियों को बधाई दी।

---

खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिता में जीते पांच गोल्ड, तीन सिल्वर मेडल

# खेलकूद प्रतियोगिता में छाए सीआर गतौली के खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जुलाना



जुलाना। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए आयोजक। फोटो :हरिभूमि

जुलाना क्षेत्र के शामलो कलां गांव में 20 से 24 जुलाई तक आयोजित खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छोटूराम (सीआर) स्कूल गतौली की छात्राओं ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। डायरेक्टर जितेंद्र ढांडा ने बताया कि स्कूल की अंडर 14 खो-खो प्रतियोगिता में शिव स्कूल गतौली की टीम को 13 अंकों से मात देते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में रामकली के राजकीय स्कूल की टीम को एक पारी और दो अंकों से मात देते प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 महिला कबड्डी प्रतियोगिता में टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर 19 खो-खो व अंडर-14 कबड्डी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले अंडर 19 कबड्डी प्रतियोगिता में लड़कों की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गुरू द्रोणाचार्य स्कूल गतौली की टीम को फाइनल में 13 अंकों से माते देकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया था। स्कूल की टीमों ने अलग-अलग आयु वर्ग में कबड्डी और खो-खो में पांच गोल्ड व तीन सिल्वर मेडल जीते हैं। स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र ढांडा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जाता है ताकि छात्र पढ़ाई के साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें।

---




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते मुख्य अतिथि। फोटो :हरिभूमि

### भरातीय ऋतुओं के रंगों से सराबोर हुआ आधारशिला

**जींद।** आधारशिला पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय माता-पिता दिवस के अवसर पर भारतीय संस्कृति की विविधता और विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा का अनुपम संगम ऋतुरंग थीम पर आयोजित कक्षा उत्सव का भव्य एवं सांस्कृतिक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में यूकेजी एवं पहली कक्षा के सभी छात्रों व अभिभावकों सहभागिता निभाई । कार्यक्रम में मुख्यअतिथि की भूमिका में जीएमएसएसएसएस प्रधानाचार्य संजीव सैनी एवं नीलम सैनी शिरकत की। इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य, नाटक, भाषण के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। जिससे वहां उपस्थित सभी दर्शक भाव विभोर हो गए। जुलाई व अगस्त में आने वाले भारतीय त्यौहारों के उत्सव के रूप में यह कार्यक्रम मनाया । मुख्य रूप से बच्चों ने गुरुपूर्णिमा, कारगिल दिवस, मित्रता दिवस, माता-पिता दिवस पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि संजीव सैनी ने अपने सम्बोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी विरासत और संस्कृति का आधार हैं।

## खबर संक्षेप



### जगदीशपुरा में 9वां सुजल ग्राम संवाद का आयोजन

**कैथल।** नोडल अधिकारी एवं कार्यकारी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नंबर एक कैथल जगदीप दलाल के दिशा-निर्देशानुसार जल जीवन मिशन के अंतर्गत 9वें सुजल ग्राम संवाद का ऑनलाइन आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव अशोक कुमार कालूराम मीना ने की। 9वें सुजल ग्राम संवाद में ग्राम पंचायत जगदीशपुरा की सरपंच सविता, ग्राम सचिव रोनू तथा ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्य ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

### गैरेज से हजारों की नकदी-सामान चोरी

**कैथल।** शहर के जींद बाईपास पुलिस नाका के पास स्थित एक गैरेज से चोर लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव कसान निवासी दर्शन पाल ने बताया कि जींद बाईपास पुलिस नाका के पास बाबा राजपुरी धर्मकांटे के नजदीक उसका दा मैकेनिक वर्ल्ड नाम से गैरेज है। 23 जुलाई की सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब वह अपनी दुकान पर पहुंचा तो वहां से उसकी ग्रे रंग की स्कूटी मंदिर में रखे तीन चांदी के सिक्के, 70 हजार रुपये की नकदी तथा अन्य काफी सामान गायब मिला था।

### बाइकों की भिड़ंत में पति की मौत, पत्नी बाल-बाल बची

**कैथल।** पूंडरी क्षेत्र के गांव पाई के पास गलत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 32 वर्षीय युवक दिनेश मान की सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी बाल-बाल बच गई। शिकायतकर्ता महिला के अनुसार घटना के बाद आरोपी चालक अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस को दी शिकायत में गांव फतेहपुर निवासी पूजा ने बताया कि उसकी शादी करीब तीन वर्ष पहले दिनेश मान निवासी बल्ला (करनाल), हाल निवासी फतेहपुर से हुई थी।

# हरियाणवी संस्कृति की झलक से गूंजा जाखौली

## खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



**राजौंद।** जाखौली विद्यालय में आयोजित खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि। फोटो : हरिभूमि

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली में खंड स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमजीजीए दिव्यता उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों में प्रमोद राणा, जिला शिक्षा अधिकारी जयभगवान, उप जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नैन, खंड शिक्षा अधिकारी राजौंद सुरेन्द्र हुड्डा खंड शिक्षा अधिकारी पुंडरी शामिल रहे। मुख्य अतिथि दिव्यता ने हरियाणवी संस्कृति की जमकर सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, रागनी और नाटिका जैसी विभिन्न विधाओं में खंड राजौंद के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपस्थित अतिथियों ने सभी प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं विद्यालय प्राचार्य नरेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान खंड राजौंद के सभी विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षा विभाग का स्टाफ तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय के प्राचार्य, स्टाफ और छात्राओं की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में प्राचार्य सुनीता आहुजा, सत्यवान, जगवीर सिंह, सुन्दर, रमेश, राम रतन, गौरव जिंदल, बबीता रानी एवं सुखविंदर सिंह शामिल रहे,जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए।

### प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे, विजेताओं को किया सम्मानित

- प्रथम – दीप्ती रा.क.वा.मा.वि. रोहेड़ा, द्वितीय – समर रा.मा.वि. राजौंद तृतीय – वीरा रा.क.वा.मा.वि. जाखौली
- रागनी कक्षा 9 से 12, प्रथम – कमलेश पं.म.स.ग्रा.वा.मा.वि. सौगल द्वितीय – अंशु रा.मा.वि. राजौंद रहे।
- तृतीय – तरशेम ज.सिं.ज.रा.वा.मा.वि. किठाना, नाटिका कक्षा 5 से 8 में प्रथम – रा.मा.वि. किठाना, द्वितीय पं.म.स.ग्रा.मा.वि. सौंगल, तृतीत रा.मा.वि. भाना, नाटिका कक्षा 9 से 12 प्रथम पं.मा.वि. सौंगल,
- द्वितीय रा.मा.वि. किठाना, तृतीय रा.क.वा.मा.वि. जाखौली रहे।
- एकल नृत्य कक्षा 5 से 8प्रथम आशा रा.क.वा.मा.वि.जाखौली), द्वितीय – अनु रा.क.वा.मा.वि. रोहेड़ा।
- तृतीय दीपांशु (रा.मा.वि. जाखौली रहे। एकल नृत्य कक्षा 9 से 12 में प्रथम – सोमी पं.म.स.ग्रा.वा.मा.वि. सौगल द्वितीय – सागर रा.मा.वि. जाखौली, तृतीय धृति रा.मा.वि. राजौंद रहे। सामूहिक नृत्य कक्षा 5 से 8 प्रथम महक एवं सहेली रा.क.वा.मा.वि. जाखौली, द्वितीय तानिया एवं सहेली रा.क.वा.मा.वि. रोहेड़ा,तृतीय तनु एवं सहेली (रा.क.उ.मा.वि. भाना,सामूहिक नृत्य कक्षा 9 से 12प्रथम प्राची एवं सहेली पं.म.स.ग्रा.वा.मा.वि. सौंगलद्वितीय – मोनिका एवं सहेली रा.क.वा.मा.वि. जाखौली, तृतीय अंजली एवं सहेली पं.मा.वि. राजौंद, जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने पर बल दिया।

## वाद-विवाद एवं पोस्टर मेकिंग में दिखाई प्रतिभा

# छात्रों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया

### प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्णः प्रधानाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अपनी पेंटिंग को दिखाते विद्यार्थी




राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पूंडरी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विद्यार्थियों में जागरूकता, सृजनात्मकता तथा तार्किक चिंतन के विकास हेतु वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशीलता उत्पन्न करना तथा उन्हें अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करना था।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने तम्बाकू मुक्त भारत, सोशल मीडिया, एआई आदि विभिन्न समसामयिक एवं सामाजिक विषयों पर अपने तर्कपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने पक्ष एवं विपक्ष में प्रभावशाली वक्तव्य देकर अपनी वाकपटुता और तार्किक क्षमता का परिचय दिया। वहीं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम और सामाजिक जागरूकता से जुड़े संदेशों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरधारी लाल शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनके माध्यम से उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सुनील दत्त आत्रेय ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रचनात्मक एवं समाजोपयोगी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य केवल सेवा कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को जागरूक, संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

### 77वें वन महोत्सव के तहत करवाई पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिताएं, विद्यार्थियों ने दिया संदेश

**कैथल।** वन विभाग द्वारा 77वें वन महोत्सव-2026 के उपलक्ष्य में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा (कैथल) में पेंटिंग एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और प्रकृति के प्रति जागरूकता का संदेश अपनी प्रतिभा के माध्यम से प्रस्तुत किया। क्विज प्रतियोगिता में सुपार्श्व बाल सदन स्कूल कैथल की छात्रा कृति ने प्रथम, अंशिका ने द्वितीय तथा पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा कैथल के छात्र गुरनूर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर पेंटिंग प्रतियोगिता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल की राधिका तथा इसी स्कूल की छात्रा नजराना ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा कैथल की मीनाक्षी तथा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल पट्टी अफगान की सुहानी संयुक्त रूप से रहीं। इसी प्रकार तृतीय स्थान पर दर्शन अकादमी कैथल की युविका तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुराना कैथल की आशा ने संयुक्त रूप से स्थान प्राप्त किया।

## गांव बीर बांगड़ा में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम



**राजौंद।** गांव बीर बांगड़ा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को बेटियों के महत्व, घटते लिंगानुपात के दुष्प्रभाव तथा लिंग जांच न करवाने के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संकल्प दिलाया गया कि वे न तो लिंग जांच करवाएंगे और न ही किसी को ऐसा करने देंगे। बहुउद्देशीय महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सीमा और चंद्रकला ने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित कर रही हैं, इसलिए उन्हें शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने चाहिए, ताकि वे समाज और देश के विकास में अपना योगदान दे सकें।स्वास्थ्य कार्यकर्ता रामनिवास ने बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और टीबी से बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहती है तो वह तुरंत अपना बलगम जांच करवाएं।

## पानी बचाओ, पर्यावरण बचाओ विषय पर जागरूकता कार्यक्रम, पोस्टर निर्माण में तकदीर ने मारी बाजी




पर्यावरण संरक्षण को लेकर पेंटिंग को दिखाती छात्राएं।

- चित्र और नारों से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया

**कैथल।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय ढाण्ड में कक्षा छठी की छात्राओं द्वारा 'पानी बचाओ, वृक्ष लगाओ, पर्यावरण बचाओ' विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण, वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के लिए भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता तथा नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित अपने विचारों, चित्रों एवं नारों के माध्यम से समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। छात्राओं ने अपने भाषणों में पानी की महत्ता, जल की बर्बादी रोकने तथा भविष्य के लिए जल बचाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। पोस्टर एवं नारा लेखन के माध्यम से भी छात्राओं ने 'जल है तो कल है', 'वृक्ष लगाओ, जीवन बचाओ' और 'पानी बचाएँ, पर्यावरण बचाएँ' जैसे प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किए।

## टयोंठा क्रिकेट क्लब को सौंपी किट




**पूंडरी।** पूंडरी की समाजसेवी संस्था एक किरण उम्मीद की ने विधायक सतपाल जांबा के सहयोग से टयोंठा क्रिकेट क्लब के खिलाड़ियों को क्रिकेट किट भेंट की। इस दौरान खिलाड़ियों, क्लब सदस्यों एवं अतिथियों ने सामूहिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। साथ ही पौधारोपण जैसी पहल पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने का प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर जांबा गांव के सरपंच लाभ सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गांव, क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करें तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं। संस्था की अध्यक्ष निधि मोहन ने बताया कि संस्था का उद्देश्य युवाओं को खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सेवा से जोड़ना है। भविष्य में भी समाजहित में ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में खिलाड़ियों ने क्रिकेट किट उपलब्ध कराने के लिए विधायक सतपाल जांबा एवं एक किरण उम्मीद की संस्था का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रताप राणा, प्रवीन मित्तल, राहुल वालिया, बबीता सिंगला, बलविंदर वालिया, वाकुल सहित क्लब के खिलाड़ी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जाएगा जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस

- पुलिस लाइन मैदान में होगा भव्य आयोजन, सभी विभाग समय रहते करें तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों को दिशानिर्देश देते हुए।

डीसी अपराजिता ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष की भांति इस बार भी पूरे उत्साह, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह का आयोजन स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में होगा। सभी संबंधित विभाग अपनी जिम्मेदारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करें, ताकि समारोह का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हो सके। डीसी अपराजिता शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए एडीसी डॉ. सुशील कुमार नोडल अधिकारी रहेंगे। प्रत्येक विभाग को सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करना होगा। समारोह स्थल के साथ-साथ पूरे शहर में स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान रखा जाए। समारोह के भव्य रूप देने में किसी प्रकार की कोई कमी न छोड़ी जाए। समारोह के दौरान जिला प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### जरूरी निर्देश दिए

डीसी ने समारोह की रूपरेखा के बारे में जानकारी देते बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से होगा। इसके बाद परेड निरीक्षण, मुख्य अतिथि का संबोधन, मार्च पास्ट तथा पीटी शो का आयोजन किया जाएगा। मार्च पास्ट में जिला पुलिस की टुकड़ियां, एनसीसी, स्काउट एंड गाइड तथा प्रजातंत्र के प्रहरी भाग लेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ होगा। मुख्य अतिथि समारोह से पहले शहीद स्मारक पर जाकर वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे। डीसी ने पुलिस विभाग को मुख्य अतिथि के निरीक्षण के लिए जीप, राष्ट्रीय ध्वज तथा सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस विभाग को मार्च पास्ट का अभ्यास शीघ्र शुरू करने को कहा। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की जाएगी।

### शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा

## शिकायत निवारण पोर्टलों पर जिले की रैंकिंग कम न हो : अपराजिता



**कैथल।** डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने कहा कि सभी अधिकारी जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान करें। किसी भी शिकायत निवारण संबंधित पोर्टल पर जिले की रैंकिंग कम नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक शिकायत को निर्धारित समय अवधि में स्वीकार करते हुए उस पर नियमानुसार करवाई करें और उसकी एक्शन टेकन रिपार्ट अपलोड करें। जन शिकायतों के समाधान में देरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी अपराजिता शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी, जन संवाद सहित अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा कर रहीं थीं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग को एसएमजीटी पोर्टल पर लंबित शिकायतों के निपटान के लिए विशेष फोकस करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य विभागों को भी निर्देश दिए कि वे अपने अपने विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करें।

## गांव शेरगढ़ में 260 रुपये के लेनदेन को लेकर दो पक्ष टकराए

- समझौते का दबाव बनाकर जान से मारने की धमकी दी

**कैथल।** गांव शेरगढ़ में 260 रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद ने दो पक्षों के बीच मारपीट का रूप ले लिया। घटना में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आईं। मेडिकल रिपोर्ट और बाद में प्राप्त एक्स-रे व एनसीसीटी रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव शेरगढ़ निवासी सावन ने शिकायत दी थी कि गांव के ही मित्ता को उसे 260 रुपये देने थे। 17 जुलाई की रात करीब साढ़े आठ बजे रुपये मांगने को लेकर कहासुनी हुई और आरोप है कि मित्ता ने सरिये से हमला कर दिया, जिससे उसके बाएं हाथ की उंगली में चोट आई। शुरुआत में मेडिकल में साधारण चोट दर्ज हुई थी, लेकिन 23 जुलाई को आई एक्स-रे रिपोर्ट में उंगली में फ्रैक्चर की पुष्टि होने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष के सतीश निवासी शेरगढ़ ने भी शिकायत देकर आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी सावन, नीरज, मापा और सुभाष ने 260 रुपये के लेनदेन को लेकर उसके साथ मारपीट की। शिकायत में कहा गया कि आरोपियों ने उसे और उसके बच्चों को घायल किया तथा बाद में समझौते का दबाव बनाकर जान से मारने की धमकी दी।

## इन्वेस्टिचर एवं स्कॉलर बैज अलंकरण समारोह संपन्न



**कैथल।** इंडस पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टिचर एवं स्कॉलर बैज अलंकरण समारोह अत्यंत भव्य एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीएसपी रोहताश तथा विशिष्ट अतिथियों एडीसी आरती, आई.डी.बी.आई. बैंक की मैनेजर बॉबी बबीता, इंडस ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के डायरेक्टर सुभाष श्योराण एवं विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सहारण की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा को चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के पारंपरिक तिलक, संगीतमय सलामी, एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के संस्थापक चौधरी मित्र सेन आर्य जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं श्री गणेश वंदना की मनोहारी प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत द पावर विदइन; शीर्षक नृत्य-नाटिका ने महिला शक्ति, आत्मविश्वास और नारी सम्मान का प्रभावशाली संदेश देकर उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। वहीं रोमांचकारी मार्शल आर्ट्स प्रदर्शन ने विद्यार्थियों के साहस, अनुशासन और आत्मरक्षा कौशल का उत्कृष्ट परिचय देते सभी की भरपूर सराहना अर्जित की। विद्यालय की प्राचार्या तनु पूनिया ने स्वागत उद्बोधन में विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासन, नेतृत्व निर्माण एवं समग्र शिक्षा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

**समस्या** खाली प्लॉटों में कूड़ा व झाड़ियां बनने लगीं मुसीबत

# पूंडरीः वार्ड 2 में बजरंग कॉलोनी के लोग गंदगी, बंदरों व आवारा पशुओं से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** गंदगी दिखाते स्थानीय निवासी।

पूंडरी के वार्ड नंबर-2 स्थित बजरंग कॉलोनी व ग्यारहरुद्री मंदिर के पास गामड़ी के निवासी गंदगी, जाम नालियों, बंदरों, बेसहारा पशुओं और स्ट्रीट डॉग के आतंक के बीच रहने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कॉलोनी में नियमित सफाई नहीं होने से खाली प्लॉट कूड़ाघर बन गए हैं, जहां उगी झाड़ियों में सांप, गोह व अन्य विषैले जीव-जंतु छिपे रहते हैं। जो अचानक आसपास के घरों व बाथरूम तक पहुंच जाते है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय निवासी नीतू, राजकुमार, संजीव, बलदेव और निशा ने बताया कि उनकी गली के सामने तीन-चार खाली प्लॉट हैं, जिनमें लोग कूड़ा-कचरा डाल देते हैं। इन प्लॉटों में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं, जिससे सांप, गोह सहित अन्य विषैले जीव निकलकर रिहायशी क्षेत्र में आ जाते हैं। आसपास बच्चे खेलते हैं, इसलिए हर समय किसी अनहोनी का डर बना रहता है। निवासियों ने बताया कि कॉलोनी में बंदरों और बेसहारा पशुओं का भी आतंक है। कई बार सांड आपस में लड़ते हुए गलियों में घुस आते हैं, जिससे लोगों को जान का खतरा बना रहता है। इसके अलावा खड़ी बाइक और कारों को भी नुकसान पहुंचता है। स्ट्रीट डॉग के कारण भी लोगों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### नालियां लंबे समय से जाम पड़ी

लोगों ने बताया कि 11 रुद्री मंदिर के पास गली की दोनों नालियां लंबे समय से जाम पड़ी हैं। सफाई कर्मचारी कई-कई दिनों तक क्षेत्र में नहीं आते, जिससे गंदा पानी जमा रहता है और दुर्गंध फैलती है।

### अभियान चलाकर जल्द समाधान किया जाएगा

विधायक सतपाल जांबा के निर्देशानुसार शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। यदि वार्ड नंबर-2 में कहीं सफाई संबंधी समस्या है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर दूर कराया जाएगा। जाम नालियों की सफाई आज ही करवा दी जाएगी। बंदरों, बेसहारा पशुओं और स्ट्रीट डॉग को पकड़ने के लिए टेंडर जारी किए जा चुके हैं। जल्द ही अभियान चलाकर समस्या का समाधान किया जाएगा। **-बबली गोस्वामी**, चेयरपर्सन, नगरपालिका पूंडरी।

**बोली सूचना**

आप सब को सूचित किया जाता है कि जिला परियोजना संयोजक, समग्र शिक्षा, कैथल के Memo N0. Civil/SS/Ktl/07/2026/1937-1949 दिनांक 13.07.2026 की अनुपालना में नकारा हो चुके दो कमरों की बोली करवाने के आदेश जारी हो चुके हैं। दो कमरों जिसकी सिक्योरिटी राशि 7000/- (सात हजार रूपये) होगी। बोली 29.07.2026 को सुबह 10 बजे विद्यालय प्रांगण में SMC कोलेखां की मौजूदगी में करवाई जाएगी। नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/-मुख्याध्यापक
सरकारी प्राईमरी स्कूल
कोलेखां (कैथल)
फोन नं. 7015574149, 9728697700

## खबर संक्षेप

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी काबू

**कैथल।** सीआईए कलायत पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को काबू किया है। बरामद मोटरसाइकिल हिसार के उकलाना थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। आरोपी के खिलाफ थाना कलायत में मामला दर्ज कर जांच जारी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में एएसआई मंजीत सिंह की टीम नहर पुल सिरसा ब्रांच रेलवे रोड, कलायत पर नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की जांच कर रही थी।

### डॉ. दलवीर गोयत हवन के मुख्य यजमान होंगे

**उचाना।** ब्राह्मण धर्मशाला उचाना में 26 जुलाई को प्रातः 7 बजकर 30 मिनट पर आयोजित मासिक हवन एवं सत्संग में प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. दलवीर गोयत एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ओमपति मुख्य यजमान के रूप में पूर्णाहुति देंगे। कार्यक्रम संयोजक मा. रामप्रसाद ने बताया कि भारतीय संस्कृति के चार स्तंभ सत्य, तप, दया और दान हैं तथा हवन से सद्भावना और सकारात्मक वातावरण का निर्माण होता है।

### विकसित हो रही अनधिकृत कॉलोनियां

**जींद ।** जिला नगर योजनाकार मनीष दहिया ने बताया कि उपमंडल नरवाना के डूमरखां कलां गांव में कुछ स्थानों पर बिना विभागीय लाइसेंस, सीएलयू व एनओसी के अनधिकृत कॉलोनियां विकसित किए जाने की जानकारी विभाग के संज्ञान में आई है। ऐसे मामलों में विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होने बताया कि डूमरखां कलां तहसील उचाना में खसरा नंबर 1//22, 3//23,8,9,10,11//ए12,13, 18, 19, 22, 23, 8//3/1 से संबंधित भूमि पर अनधिकृत कॉलोनियां विकसित की जाने की सूचना प्राप्त हुई है।

### छात्रों को करियर की दी गई जानकारी: प्रतीक

**गुहला-चीका।** सहायक रोजगार अधिकारी प्रतीक कुमार ने बताया कि हरियाणा रोजगार विभाग द्वारा प्रदेश भर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में 20 जुलाई से 24 जुलाई तक एक विशेष व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें बच्चों को विभिन्न उभरते हुए व्यवसायो तथा स्वरोजगार के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही बेरोजगार युवाओं को सरकारी योजनाओं, स्वरोजगार के विकल्पों और रोजगार विभाग की विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी।

### गांव बदनारा में 30 को रात्रि प्रवास कार्यक्रम

**कैथल।** एडीसी डा. सुशील कुमार ने बताया कि 30 जुलाई को गांव बदनारा में रात्रि प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम गांव के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में आयोजित होगा। इसमें डीसी अपराजिता आमजन की समस्याएं सुनेंगी। सभी अधिकारी इस कार्यक्रम में स्वयं मौजूद रहें और अपने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के स्टॉल लगवाना सुनिश्चित करें।

*30 जुलाई से शुरू होने जा रहा है सावन माह, शिव भक्तों को मिलेंगे विशेष पूजा के लिए चार सोमवार*

# इस बार श्रवण नक्षत्र, आयुष्मान योग और सौभाग्य योग के शुभ संयोग में होगी सावन माह की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिव भक्तों के लिए बेहद प्रिय सावन माह 30 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। इस दिन श्रवण नक्षत्र, आयुष्मान योग और सौभाग्य योग के शुभ संयोग में सावन का आरंभ होगा। इन शुभ योगों में भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा, रुद्राभिषेक और जलाभिषेक का विशेष महत्व माना गया है। इस दिन शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, आक के फूल और भस्म अर्पित करना अत्यंत शुभ माना जाता है। सावन माह आगामी 28 अगस्त तक रहेगा। इस बार शिवभक्तों को सावन माह में चार सोमवार भगवान शिव की विशेष पूजा के लिए मिलेंगे।

## तीसरे सोमवार को 23 वर्ष बाद सोमवती नागपंचमी का दुर्लभ संयोग बनेगा : नवीन शास्त्री

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि धार्मिक मान्यता है कि



सावन में भगवान भोलेनाथ की श्रद्धापूर्वक आराधना और सोमवारी व्रत करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा सुख, समृद्धि और आरोग्य की प्राप्ति होती है। इस वर्ष सावन में चार सोमवार पड़ रहे हैं। जबकि तीसरे सोमवार पर 23 वर्ष बाद सोमवती नागपंचमी का दुर्लभ संयोग बनने से इस बार का श्रावण मास विशेष महत्व का माना जा रहा है।

### सावन में भगवान शिव के नाम के जाप से मिलता है सुख

सावन माह भगवान शिव की आराधना को समर्पित है। शिवभक्त कावड़ लाने के लिए हरिद्वार का रूख करेंगे। सावन माह में भगवान शिव के नामों का जाप करने से घर, परिवार में सुख व शांति और जीवन में स्थिरता का संचार होता है। पंचांग के अनुसार इस साल श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि 29 जुलाई को रात 8 बजकर05 बजे से प्रारंभ होगी। वहीं 30 जुलाई को रात 9 बजकर 30 बजे तक यह तिथि मान्य होगी। उदया तिथि के आधार पर 30 जुलाई को सावन महीने की शुरूआत होगी।

### पहले सोमवार का शुभ मुहूर्त

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि सावन माह के पहले सोमवार के दिन तीन अगस्त को ब्रह्म मुहूर्तसुबह 4:19 बजे से 5:01 बजे तक होगा। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:00 बजे से 12:54 बजे तक रहेगा।

### सावन 2026 के सोमवार

| | |
|---|---|
| पहला सावन सोमवार | 3 अगस्त |
| दूसरा सावन सोमवार | 10 अगस्त |
| तीसरा सावन सोमवार | 17 अगस्त |
| चौथा सावन सोमवार | 24 अगस्त |

### यह रहेगी पूजा विधि

**अपने भक्तों के संकट दूर करते हैं भगवान महादेव**

महादेव की पूजा करने के लिए सबसे पहले शिवलिंग पर गंगाजल और शुद्ध जल अर्पित करें। इसके बाद दूध, दही, घी से भगवान शिव का अभिषेक करें। शहद अर्पित करें और अंत में एक बार फिर जल से अभिषेक करें। शिवलिंग पर बेलपत्र, आक के फूल, कुछ फल और मौसमी अनाज अर्पित करें। घी का दीपक और धूप जलाकर भगवान शिव की आरती करें। अंत में ओम नमः शिवायश और महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें। इस दौरान सभी शिव भक्त व्रत रखने के साथ-साथ शिव कावड़ यात्रा, जागरण, भजन कीर्तन आदि जैसे धार्मिक कार्य करते हैं। इसी के साथ सावन माह के सोमवार के संयोग पर शिवालयों में रुद्राभिषेक भी किया जाता है। यह भी मान्यता है कि सावन महीने में सच्चे मन से महादेव के शक्तिशाली नामों का जाप करने से जीवन के बड़े से बड़े संकट भी दूर होने लगते हैं।

*ब्लॉक्स के साथ कंकरीट गली निर्माण के अलग से सैंपल भरने की मांग*

# कलायत में नपा के निर्माण कार्यों की जांच करने पहुंची सीएम फ्लाइंग

**विकास कार्यों में धांधली की मिल रही थी शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत





**कलायत।** जांच के लिए खोदी गई गली की सामग्री से अधिकारियों की मौजूदगी में रोड़ा तलाशते पार्षद प्रदीप राणा व मुख्य गली में चारपाई पर सजाए गए सैंपल। *फोटो : हरिभूमि*

कलायत नगर पालिका द्वारा शहर में करवाए जा रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों में व्यापक स्तर पर धांधली की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रदेश सरकार हरकत में आ गई है। इसके मद्देनजर सरकार ने निर्माण कार्यों की गहनता से जांच के लिए सीएम फ्लाइंग को गतिशील किया है। शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग टीम ने पहले कलायत में पालिका कार्यालय के रिकॉर्ड की जांच की। उपरांत नेशनल हाईवे रामगढ़ मोड़ से खरक वाला दरवाजा तक करीब 40 लाख रुपये की लागत की मुख्य गली के निर्माण की जांच शुरू की। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड-6 के पार्षद प्रदीप राणा द्वारा मुख्यमंत्री सहित विभिन्न स्तरों पर निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर दी गई हैं। इसी मामले में एसडीएम अजय हुड्डा ने जांच के लिए कमेटी गठित कर रखी है। इसी बीच सीएम फ्लाइंग ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पड़ताल की। सीएम फ्लाइंग की टीम में एसडीओ राजेश कुमार, सब इंस्पेक्टर राजवीर सिंह, एएसआई रविंद्र कुमार, विक्रम सिंह, बलबीर सिंह सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। नगर पालिका अभियंता राजेश प्रजापति और कनिष्ठ अभियंता अब्दुल वहाब खान की मौजूदगी में टीम ने निर्माण कार्य में इस्तेमाल किए गए ब्लॉक और अन्य सामग्री के चार-चार सैंपल लिए। इसी तरह वार्ड तीन में जारी गली निर्माण कार्य की जांच की मांग भी मुख्य रूप से उठ रही है। लोगों का कहना है कि गली निर्माण व रिपेयर के नाम पर लीपापोती जारी है। इसका रिकार्ड जब्त करते हुए गहन जांच हो।सीएम फ्लाइंग की जांच के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पार्षद मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर भर में जारी गलियों के निर्माण में सरेआम भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है। घूंघरूओं की तरह रोड़ा लेयर बिछाई जा रही है। इसी तरह शहर में नेशनल हाईवे स्थित रामगढ़ मोड़ से लेकर खरक वाला दरवाजा तक गली निर्माण में निम्न स्तर की सामग्री का प्रयोग किया गया है। इसमें न तो उचित बेस तैयार की गई और न ही लेवलिंग का ध्यान रखा गया। इन हालातों के चलते किसी तरह का लाभ आवासीय क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल रहा।

### सीएम फ्लाइंग को गुमराह करने का हुआ प्रयास

पार्षद प्रदीप राणा ने आरोप लगाया कि नगर पालिका के अधिकारियों ने सीएम फ्लाइंग को गुमराह करने का प्रयास किया। एक ही टेंडर के तहत बने ब्लॉक और कंकरीट दोनों हिस्सों की जांच जरूरी है। इसलिए उडनदस्ते को ब्लाक्स की तरह कंकरीट के भी सैंपल लेने चाहिए थे। एसडीएम द्वारा गठित जांच कमेटी के काम शुरू होने से पहले ही नगर पालिका अधिकारियों ने निर्माण कार्य को अधूरा बताकर जांच को प्रभावित करने की कोशिश की। इससे जाहिर है कि सरकार के साथ-साथ नगर पालिका अधिकारी प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व कैथल डीसी अपराजिता से शहर के निर्माण कार्यों की गहन जांच के लिए स्पेशल अधिकारी की नियुक्ति करने की मांग की।

### फिर गर्माया शहर के सात पार्कों का मुद्दा

नगर पालिका के निर्माण एवं विकास कार्यों के साथ-साथ पार्क टेंडर भी जांच के घेरे में है। एडीसी की जांच व एसडीएम की निरीक्षण रिपोर्ट में काफी कुछ साफ हो चुका है। ताजा घटनाक्रम में फिर से पार्क में कार्यरत कुछ कर्मचारियों ने एक माह से अधिक समय से वेतन न मिलने की शिकायत दी। वे सीएम फ्लाइंग की कार्यवाही के दौरान मौका स्थल पर डटे रहे।

### प्रयोगशाला में होगी सैंपलों की जांच

सीएम फ्लाइंग एसडीओ राजेश कुमार ने बताया कि शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की गई है। निर्माण सामग्री के 4-4 सैंपल लिए गए हैं। इन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### सेल्फी विद पौधा अभियान की शुरुआत

**उचाना।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने सेल्फी विद पौधा अभियान की शुरुआत की। कसूहन में अभियान के तहत विधायक ने स्वयं पौधा लगाकर उसके साथ सेल्फी ली और क्षेत्रवासियों से भी अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। अत्री ने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक यदि एक पौधा लगाकर उसकी देखरेख का संकल्प ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बदलाव संभव है।

### शिक्षा एवं खेल में अपने क्षेत्र का नाम करें रोशन

**गुहला-चीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव ने शुक्रवार को गांव भागल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें शिक्षा, खेल एवं नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया। एसडीएम ने कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य की नींव होता है। यदि छात्र पूरे मन से पढ़ाई करें और खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भाग लें तो वे अपने गांव, क्षेत्र और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर तक रोशन कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय की पाबंदी, मेहनत और सकारात्मक सोच को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

### प्रधानमंत्री का पुतला लेकर रोष मार्च निकाला

**नरवाना।** शुक्रवार को केवाईसी कार्यकर्ताओं ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्र- छात्राओं पर बेरहमी से लाठी चार्ज और अश्रुगैस के गोले दागने के खिलाफ प्रधानमंत्री का पुतला लेकर शहर भर में रोष मार्च निकाला और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लघु सचिवालय तक पहुंचे और लघु सचिवालय भवन के सामने जमकर नारेबाजी की ओर प्रधानमंत्री मोदी का पुतला लघु सचिवालय भवन के गेट के सामने रख कर श्यापा किया गया और बाद में प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया।

### एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण

**पूंडरी।** पूंडरी स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में इको क्लब के तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने विद्यालय परिसर में पौधा लगाकर किया। इसके बाद शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। विद्यार्थियों ने पौधों की देखभाल करने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।

### विद्यार्थियों ने सीखी आधुनिक पेपर कटिंग तकनीक

**राजौंद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में आगामी त्योहारों के मद्देनज़र रंगीन पेपर कटिंग एवं डेकोरेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में गुजरात से आए आर्ट एंड क्राफ्ट मास्टर मनोज ने विद्यार्थियों को रंगीन कागजों से आकर्षक फूल तोरण झूमर वॉल हैंगिंग तथा कक्षा और कार्यालय की सुंदर सजावट तैयार करने की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और रुचि के साथ विभिन्न प्रकार की पेपर कटिंग कला सीखी तथा स्वयं सुंदर सजावटी सामग्री तैयार की।

# ढांड के सरकारी दफ्तरों में लगाए गए एसीबी हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड



**ढांड।** सरकारी कार्यालयों के बाहर लगे एसीबी के नंबर दिखाते पदाधिकारी।

प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाने और लोगों को शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को ढांड में एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन हरियाणा की ओर से विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व प्रदेश प्रभारी नरेश कुमार ने किया।

इस दौरान बिजली बोर्ड कार्यालय तथा तहसील परिसर में एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल फ्री नंबर प्रदर्शित किए गए। प्रदेश प्रभारी नरेश कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। सरकार चाहती है कि प्रत्येक सरकारी विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो तथा आम लोगों को बिना किसी परेशानी के सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सके। इसके लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और आम जनता का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी सरकारी कार्यालय में रिश्वत की मांग की जाती है या भ्रष्टाचार से संबंधित कोई जानकारी सामने आती है तो नागरिक तुरंत एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल फ्री नंबर 1800-180-2022 अथवा 1064 पर शिकायत दर्ज कराएं।

### सबमर्सिबल केबल चोरी का आरोपी कबाड़ी काबू

**कैथल।** सबमर्सिबल मोटरों की केबल चोरी करने के मामले की जांच चौकी क्योड़क पुलिस के एएसआई सलिंन्द्र की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जुदुपुर यूपी निवासी बृजेश को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव क्योडक निवासी अरविंद कुमार ने शिकायत अनुसार 3 अगस्त 2025 को कैथल-पेहवा हाईवे के समीप स्थित उसके खेत में लगे सबमर्सिबल की करीब 30 फुट केबल अज्ञात व्यक्ति द्वारा काटकर चोरी कर ली गई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि उसी रात आसपास के खेतों में लगे रामचंद्र, नरेंद्र, दीपक तथा बलिया की सबमर्सिबल मोटरों की केबल भी काटकर चोरी की गई थी। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया।

# चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय का मनाया 13वां स्थापना दिवस

- पौधरोपण व सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



सीआरएसयू के स्थापना दिवस पर हवन में आहुति डालते वीसी प्रो. रामपाल सैनी।

चौधरी रणबीर सिंह विवि का 13वां स्थापना दिवस शुक्रवार को बड़े उत्साहए गरिमा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने संस्थान की गौरवशाली उपलब्धियों का स्मरण करते हुए शिक्षाए संस्कार, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम का शुभारंभ विवि परिसर में शहीद कैप्टन पवन कुमार की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इसके उपरांत महान स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रख्यात जननायक चौधरी रणबीर सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा एवं जनकल्याण के प्रति दिए गए योगदान को नमन किया गया। इसके बाद विवि परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी एवं कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने पौधे रोप कर पर्यावरण संरक्षण तथा विवि परिसर को हरा-भरा बनाने का संदेश दिया।

### बस की चपेट में आने से दो किशोर घायल

**कैथल।** पूंडरी क्षेत्र के गांव टयोंठा के पास गलत दिशा से आ रही एक निजी बस की टक्कर से बाइक सवार दो किशोर घायल हो गए। हादसे में 16 वर्षीय गुरप्रीत गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद करनाल के निजी अस्पताल में रेफर किया गया। पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में गांव टयोंठा निवासी रामनिवास ने बताया कि वह 22 जुलाई को दोपहर करीब 1:15 बजे अपनी बेटी परी को सरकारी स्कूल से लेकर घर लौट रहा था। उसके आगे उसका रिश्तेदार विनोद का 16 वर्षीय बेटा गुरप्रीत अपने दोस्त विक्रांत के साथ मोटरसाइकिल पर पूंडरी की ओर जा रहा था। आरोप है कि तभी पुंडरी की तरफ से एक लाल रंग की निजी बस गलत दिशा में तेज गति और लापरवाही से आई तथा बाइक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना में गुरप्रीत और विक्रांत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। गुरप्रीत को पहले निजी अस्पताल, पूंडरी ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए करनाल के निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

*पेपर लीक सबसे ज्यादा कांग्रेस शासित राज्यों में हुए*

# कांग्रेस अपने गिरेबान मे झांक कर देखे : कृष्ण रोहिल्ला

**देश मे अराजकता का माहौल पैदा करना चाहते हैं विपक्षी दल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



कृष्ण रोहिल्ला

ओबीसी भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्ण रोहिल्ला ने कहा कि पेपर लिकेज को हल्ला करने वाले काग्रेसी अपने गिरेबान मे झांक कर देखे। नीट पेपर मामले को लेकर भाजपा सरकार पूरी तरह गंभीर है। विपक्षी दल नीट मामले को लेकर देश मे अराजकता का माहौल पैदा करना चाहते है। भाजपा सरकार पादर्शिता से अपना काम कर रही है। जनता विपक्ष के मसूबो को अच्छी तरीके से जान चूके है। पेपर लिकेज के आरोपितो के खिलाफ भाजपा सरकार द्वारा कड़ी कार्रवाई अमल मे लाई जाऐगी। उन्होने काग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि काग्रेस के शासन काल मे भी पेपर लिकेज होते रहे है। उन्होने कहा कि रीट लेवल टू परीक्षा 2021राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा रीट का पेपर परीक्षा से पहले लीक हो गया था। जिसके चलते सरकार को रीट लेवल टू परीक्षा को रद्द करना पड़ा था। वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड टू परीक्षा वर्ष 2022आरपीएससी् द्वारा आयोजित इस परीक्षा का सामान्य ज्ञान प्रश्नपत्र एक चलती बस में हल करवाते हुए पकड़ा गया था। इसके बाद परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। कृष्ण रोहिल्ला ने कहा कि राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा वर्ष 2022 जयपुर के एक केंद्र से प्रश्नपत्र लीक होने की पुष्टि के बाद एक पाली की परीक्षा रद्द की गई थी।

### इन परीक्षाओं के पेपर हुए लीक

वनरक्षक भर्ती परीक्षा वर्ष 2020 व 2022 परीक्षा वाले दिन ही सोशल मीडिया पर पेपर लीक की जानकारी आने के बाद राजसमंद में मामला दर्ज हुआ और परीक्षा रद्द की गई। जीन सिविल भर्ती परीक्षा वर्ष 2020 राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्डद्वारा आयोजित कनिष्ठ अभियंता परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद इसे निरस्त किया गया था। उन्होने कहा कि हाई कोर्ट एलडीसी भर्ती परीक्षा वर्ष 2022 प्रश्नपत्र लीक की शिकायतों के बाद परीक्षा रद्द कर पुनः आयोजित कराई गई थी। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर परीक्षावर्ष 2023 परीक्षा शुरू होने से पहले ही प्रश्नपत्र लीक होने के आरोप लगे थे। राजस्व अधिकारी अधिशासी अधिकारी परीक्षा वर्ष 2023इसमें ब्लूटूथ और नकल गिरोह के जरिए पेपर लीक और धांधली के गंभीर आरोप सामने आए। उन्होने कहा हिमाचल प्रदेश मे सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के कार्यकाल दौरान हिमाचल प्रदेश में दिसंबर 2022 में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के तुरंत बाद हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग हमीरपुर में एक बड़ा पेपर लीक घोटाला उजागर हुआ था। उन्होंने कहा कि जूनियर ऑफिस असिस्टेंट आईटीपोस्ट कोड 965 दिसंबर 2022 परीक्षा से ठीक दो दिन पहले विजिलेंस विभाग ने छापेमारी करकी एक वरिष्ठ महिला कर्मचारी के घर से हल किया हुआ प्रश्नपत्र बरामद किया था। एचपीएसएससी द्वारा आयोजित अन्य परीक्षाएं वर्ष 2022 व 2023 घोटाले की विजिलेंस जांच के दौरान पूर्व में आयोजित परीक्षाओ के प्रश्नपत्र भी लीक होने का खुलासा हुआ था।

### डेंगू को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के लजवाना कलां गांव में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू और मलेरिया से बचाव के जिए जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व स्वास्थ्य निरीक्षक बिजेंद्र कुमार व बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता योगेंद्र ने किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर घर जाकर ग्रामीणों को डेंगू और मलेरिया से बचाव की जानकारी दी। स्वास्थ्य निरीक्षक बिजेंद्र कुमार ने कहा कि डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है। घरों के आस पास पानी जमा ना होने दें। ग्रामीणों को सप्ताह में एक दिन ड्राई डे मनाएं ताकि घरों में कुलरए टंकी, गमले, फ्रिज को अच्छी तरह साफ करें। बिजेंद्र कुमार ने कहा कि अगर बुखार हो या चक्कर आने पर तुरंत चिकित्सक के पास जाएं और नजदीकी स्वासथ्य केंद्र पर रक्त की जांच करवाएं।